# Class - V
# Subject - HINDI GRAMMAR
## पाठ – 1 भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. मातृभाषा किसे कहते हैं?

उत्तर वह भाषा जो बच्चा सबसे पहले अपनी माँ व अपने परिवार के सदस्यों से सीखता है, वह मातृभाषा कहलाती है।

ख. राष्ट्रीय भाषा और बोली में अंतर बताइए।

उत्तर राष्ट्रीय भाषा :– संपूर्ण राष्ट्र में बोली व समझी जाने वाली भाषा राष्ट्रीय भाषा कहलाती है।
बोली :– भाषा का क्षेत्रीय रूप बोली कहलाता है। बोली एक सीमित दायरे तक ही बोली जाती है। यह थोड़ी ही दूरी के बाद बदल जाती है।

ग. व्याकरण से आप क्या समझते हैं?

उत्तर भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान व्याकरण के द्वारा होता है। हर भाषा के कुछ नियम होते हैं। इन नियमों की सही जानकारी व्याकरण से होती है और भाषा को शुद्ध रूप से लिखने तथा बोलने का ज्ञान भी व्याकरण से ही होता है।

घ. 'लिपि' शब्द का क्या अभिप्राय है?

उत्तर 'लिपि' शब्द का अभिप्राय उन चिह्नों के लिखित रूप से है जो बोलते समय हमारे मुख से आवाजें निकलती हैं। इन्हीं आवाजों और ध्वनियों को लिखने के लिए कुछ ध्वनि चिह्न होते हैं। इस प्रकार किसी भी भाषा के लिखने का ढंग 'लिपि' कहलाता है।

2. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए।

क. गुजराती भाषा की लिपि का नाम है –

डोगरी रोमन देवनागरी

उत्तर देवनागरी

ख. हम अपनी माँ या परिवार से सीखते हैं –

बोली मातृभाषा लिपि

उत्तर मातृभाषा

ग. लिखकर प्रकट नहीं होती –

लिपि बोली भाषा

उत्तर बोली

घ. हिन्दी दिवस मनाया जाता है –

5 सितंबर को 14 सितंबर को 10 जून को

उत्तर 14 सितंबर को

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क. हम <u>भाषा</u> का सही रूप <u>व्याकरण</u> से सीखते हैं।

ख. किसी भी भाषा के लिखने का ढंग <u>लिपि</u> कहलाता है।

ग. बोली एक <u>सीमित</u> दायरे तक ही बोली जाती है।

घ. प्रत्येक भाषा की अपनी <u>लिपि</u> होती है।

4. निम्न भाषाओं की सही लिपि के आगे शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नेपाली | – | बंगाली | देवनागरी | गुरूमुखी |
| उत्तर – | देवनागरी | | | |
| उर्दू | – | फारसी | रोमन | अरबी |
| उत्तर – | फारसी | | | |
| पंजाबी | – | देवनागरी | गुरूमुखी | रोमन |
| उत्तर – | गुरूमुखी | | | |

5. व्याकरण के अनुसार निम्न वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

क. मेरे को यहाँ बैठना है।

उत्तर मुझे यहाँ बैठना है।

ख. वह पढ़ रहे हैं।

उत्तर वे पढ़ रहे हैं।

ग. नदी में बाढ़ आया है।

उत्तर नदी में बाढ़ आई है।

घ. सुलाकर बच्चे को नहलाकर दो।

उत्तर नहलाकर बच्चे को सुला दो।

ङ निधि स्कूल से आई अभी तक नहीं।

उत्तर अभी तक निधि स्कूल से नहीं आई।